भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं० ***06 (छठी स्थिति)**
दिनांक **17-07-2017** को उत्तर दिए जाने के लिए

## राजस्थान और मध्य प्रदेश में शौचालय निर्माण में अनियमितताएं

*6. श्री बी॰ के॰ हरिप्रसादः

क्या **पेयजल और स्वच्छता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजस्थान और मध्य प्रदेश में शौचालय निर्माण में हुई अनियमितताओं की जानकारी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री**

**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**राज्य सभा में दिनाँक 17-07-2017 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न सं० *06 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) एवं (ख) विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनियमितताओं की शिकायतें उपयुक्त सुधारात्मक उपायों के लिए संबंधित राज्य सरकारों को तत्काल प्रेषित की जाती हैं। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संबंध में प्राप्त अनियमितताओं की शिकायतों का स्थिति विवरण संलग्न है।

अनुलग्नक

**दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (क) एवं (ख) में उल्लिखित उत्तर**

**मध्य प्रदेश से प्राप्त अनियमितता सम्बंधित आवेदन का विवरण**

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम | जिला | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | आवेदन प्राप्ति की तिथि | राज्य को भेजे जाने वाले पत्र की तिथि | जांच रिपोर्ट प्राप्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद जायसवाल | धार | ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय बनवाने में बरती गयी अनियमितता | 20-04-2017 | 10-07-2017 | राज्य सरकार इस मामले में जांच कर रही हैं तथा आख्या आने वाली हैं। |
| 2 | श्री राधेश्याम शर्मा | महू | फर्जी बैंक खाते खोल कर प्रोत्साहन राशि निकलने के बाबत | 09-04-2017 | 16-06-2017 | राज्य सरकार इस मामले में जांच कर रही हैं तथा आख्या आने वाली हैं। |
| 3 | श्री पद्मेश गौतम | कटनी | सीईओ जिला पंचायत द्वारा अनियमितता बरते जाने का आरोप | 23-01-2017 | 15-03-2017 | राज्य सरकार इस मामले में जांच कर रही हैं तथा आख्या आने वाली हैं। |
| 4 | श्री प्रकाश भवसार | खरगोन | शौचालय के निर्माण में 90 लाख की धांधली करने का आरोप | 28-02-2017 | 02-03-2017 | मामला शहरी क्षेत्र से सम्बंधित हैं अतः कार्य उनके द्वारा किया जाना हैं । |

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम | जिला | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | आवेदन प्राप्ति की तिथि | राज्य को भेजे जाने वाले पत्र की तिथि | जांच रिपोर्ट प्राप्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | श्री नचिकेत पालीवाल | इंदौर | कागजों पर ही शौचालय बनवा कर गलत तरीके से ओडीएफ घोषित करने के सम्बन्ध में | 18-03-2016 | 09-06-2016 | राज्य सरकार ने जवाब दिया हैं कि शिकायतकर्ता का संपर्क सूत्र (पत्राचार का पता / ई मेल / मोबाइल नंबर) उपलब्ध नहीं होने के कारण उससे संपर्क नहीं साधा जा सका । राज्य ने यह भी जवाब दिया हैं कि इंदौर खुले में शौच से मुक्त जिला हैं । |
| 6 | श्री देव सिंह | सागर | शौचालय एवं कुएं बनवाए बिना सरकारी राशि की निकासी का आरोप | 15-09-2015 | 10-11-2015 | सम्बंधित सीईओ (रहली ब्लाक) द्वारा जांच की गयी हैं तथा आख्या दिनांक 10-01-2017 को जमा करा दी गयी हैं । आख्या के अनुसार केवल 15 घरों को छोड़कर सभी घरों में शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है । |

## राजस्थान से प्राप्त अनियमितता सम्बंधित आवेदन का विवरण

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम | जिला | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | आवेदन प्राप्ति की तिथि | राज्य को भेजे जाने वाले पत्र की तिथि | जांच रिपोर्ट प्राप्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कृपाल सिंह डांगुर | करौली | एनजीओ के ठेकेदार द्वारा शौचालय निर्माण में किया गया फर्जीवाडा | 05-05-2017 | 20-06-2017 | मौके पर शिकायतकर्ता का निरीक्षण करने पर पाया गया कि शौचालय पूर्व से ही निर्मित हैं तथा उसका उपयोग कंडे-उपले रखने के लिए किया जा रहा था \| शौचालय में रूरल पैन भी नहीं लगा हैं और शिकायतकर्ता शौचालय का भुगतान चाहता हैं। |
| 2 | श्री देवा राम | थाणु नागौर | शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में | 06-10-2016 | 09-01-2017 | जांच जिला कलेक्टर नागौर द्वारा कराई गयी \| 37 लाभार्थियों को शौचालय का निर्माण / भुगतान करवाया गया \| |
| 3 | श्री कृपाल सिंह डांगुर | करौली | एनजीओ के ठेकेदार द्वारा शौचालय निर्माण में किया गया फर्जीवाडा | 30-06-2016 | 09-01-2017 | मौके पर शिकायतकर्ता का निरीक्षण करने पर पाया गया कि शौचालय पूर्व से ही निर्मित हैं तथा उसका उपयोग कंडे-उपले रखने के लिए किया जा रहा था। शौचालय में रूरल पैन भी नहीं लगा हैं और शिकायतकर्ता शौचालय का भुगतान चाहता हैं। |
| 4 | श्री सुनील लमरोड | जोधपुर | व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में | 19-09-2016 | 09-01-2017 | राज्य से अंतिम आख्या प्राप्त नहीं हुई हैं \| |
| 5 | श्री विजेंद्र सिंह | चुरू | सरपंच एवं ग्राम सेवक द्वारा शौचालय की राशि का दुरूपयोग | 18-04-2016 | 29-04-2016 | उपसरपंच श्री विजेंद्र सिंह द्वारा स्वयं जांच के दौरान लिखित में दे दिया गया हैं कि शौचालय का निर्माण करवाया गया एवं लाभार्थी को भुगतान किया गया हैं। |

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम | जिला | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | आवेदन प्राप्ति की तिथि | राज्य को भेजे जाने वाले पत्र की तिथि | जांच रिपोर्ट प्राप्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | नहारिया सायपुरा कोटा के ग्रामवासी | कोटा | शौचालय के गड्ढे न बनाने एवं राशि उठाने के बाबत | 18-01-2017 | 07-02-2017 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् कोटा द्वारा जांच करने पर पाया गया कि शौचालय के लिए लीच पिट बनवाए गए हैं । कही भी खुले में मल नहीं पाया गया । ग्राम पंचायत खुले में शौच से मुक्त होने की ओर अग्रसर है । |
| 7 | श्री अभय सिंह | सीकर | शौचालय निर्माण से सम्बंधित गलत आंकड़े पेश करने के सम्बन्ध में | 06-06-2016 | 05-09-2016 | राज्य सरकार द्वारा जांच कराई गए थी । जांच की आख्या के अनुसार शिकायत निराधार हैं । |
| 8 | श्री तेज सिंह | भरतपुर | फर्जी तरीके से ओडीएफ घोषित करने के सम्बन्ध में | 25-02-2016 | 18-03-2016 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी भरतपुर द्वारा जांच करने पर पाया गया कि शिकायतकर्ता के घर से एक ही मुखिया का नाम बेसलाइन सर्वे में दर्ज कराया गया था, पर वह अब एक से अधिक शौचालय की माग कर रहा हैं जो संभव नहीं हैं । अतः शिकायत निराधार हैं । |
| 9 | राष्ट्रीय सहारा अजमेर | अजमेर | फर्जी शौचालय(केवल कागजों पर) बनाने के सम्बन्ध में | 20-09-2016 | 01-12-2016 | राज्य सरकार द्वारा जांच कराई गई हैं तथा बेसलाइन सर्वे में त्रुटिपूर्ण परिवार (89750) को सही कर पात्र परिवार (72431) को भुगतान किया जाना हैं । प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं । |
| 10 | श्री रमेश कुमार | श्रीगंगानगर | गलत तरीके से ओडीएफ घोषित करने के सम्बन्ध में | 07-03-2017 | 20-04-2017 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् द्वारा जांच करने पर पाया गया कि सम्बंधित ग्राम पंचायत आज तक ओडीएफ नहीं हुई हैं । जांच के दौरान अन्य आरोप सिद्ध नहीं हुए । अतः शिकायत निराधार हैं । |

| क्रम संख्या | आवेदक का नाम | जिला | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | आवेदन प्राप्ति की तिथि | राज्य को भेजे जाने वाले पत्र की तिथि | जांच रिपोर्ट प्राप्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | श्री गंगा राम | जोधपुर | केवल कागज़ी कार्रवाई कर ओडीएफ घोषित करने के सम्बन्ध में | 13-12-2016 | 15-12-2016 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् द्वारा जांच करने पर पाया गया कि सम्बंधित ग्राम पंचायत आज तक ओडीएफ नहीं हुई हैं। जांच के दौरान अन्य आरोप सिद्ध नहीं हुए। अतः शिकायत निराधार हैं। |
| 12 | श्री कुंवर सिंह | करौली | शौचालय की राशि का दुरूपयोग करने के सम्बन्ध में | 03-10-2016 | 07-10-2016 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी करौली द्वारा जांच की गयी तथा पाया गया कि सम्बंधित शिकायतकर्ता को पहले एक शौचालय दिया जा चुका हैं परन्तु वह अन्य सदस्यों के लिए एक और शौचालय की मांग कर रहा हैं जो नियमानुसार संभव नहीं हैं। |